Title: Need for construction of an Airport at Ajmer, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, राजस्थान की ह्वदयस्थली में बसा हुआ अजमेर एक अन्तर्राट्रीय ख्याति का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर है। अजमेर नगर का शैक्षिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृटि से भी अत्यधिक महत्व है। राजस्थान में आने वाले विदेशी एवं स्वदेशी पर्यटकों के लिए भी अजमेर तथा पुकर महत्वपूर्ण आर्काण के केन्द्र हैं। वर्तमान में देश विदेश से आने वाले पर्यटक दिल्ली या जयपुर तक हवाई जहाज से आते हैं, फिर वहां से रेल अथवा सड़क मार्ग द्वारा अजमेर पहुंचते हैं, जो अत्यधिक कटप्रद है। हवाई यातायात से उन्हें सुगमता होगी।

अजमेर आर्यसमाज के प्रवर्तक तथा स्वराज्य के प्रथम मंत्रदृटा महर्ाि दयानन्द सरस्वती की निर्वाणस्थली, नसीराबाद जैसी सुप्रसिद्ध सैनिक छावनी तथा ब्यावर, किशनगढ़ एवं भीलवाड़ा जैसी व्यापारिक नगरियां समीप होने के कारण हवाई यातायात का लाभ उठाने वाले यात्रीगण बहुलता से उपलब्ध होंगे। अजमेर में सी.आर.पी.एफ. के दो मुख्यालय हैं, जहां अधिकारियों को अविलम्ब देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाना पड़ता है।

उपरोक्त सभी कारणों से अजमेर में हवाई अड्डा स्थापित होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर को हवाई यातायात से जोड़ने हेतु अविलम्ब हवाई अड्डे की स्थापना की जाये।